प्रेस नोट दिनांक 17.02.2025
थाना कोतवाली जनपद बरेली।

थाना कोतवाली #bareillypolice द्वारा 11 लाख 30 हजार रुपये की ठगी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 10 लाख रुपये अभियुक्तों के बैंक खातों में कराये गये फ्रीज/होल्ड।

दिनांक 11.01.2025 को वादी श्री राघव अग्रवाल पुत्र श्री महेश सरन अग्रवाल निवासी 59 राधेश्याम इन्कलेब बरेली स्वामी मै0 बजरंग एजेन्सीज 32, नगर निगम काम्पलेक्स निकट ऐलन कल्ब, बरेली द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी की 02 अभियुक्तों द्वारा मोबाईल नम्बर व्हाटसप पर फर्जी डिटेल/दस्तावेज भेजकर धोखाधडी करके 11 लाख 30 हजार रुपये अपने खाते में डलवा लिए गये है। प्राप्त सूचना पर थाना कोतवाली, बरेली पर मु0अ0स0 21/2025 धारा 318(4)/338(3)/336/340 बीएनएस व 66 (सी) IT Act पंजीकृत किया गया ।

आज दिनांक 17.02.2025 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर लोगो के साथ फर्जी दस्तावेज दिखाकर धोखाधडी कर पुराने जनरेटर व अन्य प्रोडेक्टों को सस्ते में बेचने के लिए अपने जाल में फंसाकर उनसे रकम वसूलनें वाले 02 अभियुक्तगण 1. प्रशान्त गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता निवासी 192 सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ 2. रघुवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ मूल पता ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद मेरठ को स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से फर्जी लेटर हैड, आधार कार्ड, वोटर आई.डी कार्ड, ए0टी0एम आदि समान बरामद हुआ। अभियुक्तगण द्वारा वादी श्री राघव अग्रवाल के साथ 11 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधडी करके रुपये ठग लेने की घटना को स्वीकार किया गया है। अभियुक्तगणो द्वारा ठगी गयी रकम में से कुल 10 लाख रुपये अभियुक्तो के बैंक खातों में होल्ड/फ्रीज कराये गये है। अभियुक्तगणो के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अपराध करने का तरीकाः- उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा किसी भी फर्म के फर्जी दस्तावेज बनाकर मालिक बनकर लोगों को व्हाट्सएप व काल करके सस्ते प्रोडेक्टों को बेचने का झांसा देकर उनसे ठगी करना।

बरामदगी -
1. 13 आर0के0 इण्डस्ट्रीज फर्म के लेटर हैड
2. 12 आधार कार्ड
3. 08 वोटर आई.डी. कार्ड
4. 2500 रुपये नकद
5. 01 ए.टी.एम कार्ड

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-
1. प्रशान्त गुप्ता पुत्र राजीव गुप्ता निवासी 192 सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ
2. रघुवीर सिंह पुत्र तेजपाल सिंह निवासी सैनिक विहार कालोनी थाना कंकरखेडा जनपद मेरठ मूल पता ग्राम कमालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद मेरठ

आपराधिक इतिहास अभियुक्त प्रशान्त उपरोक्तः-
1. मु0अ0 सं0 21/2025 धारा 318(4)/338(3)/336/340 बीएनएस व 66 (सी) IT Act थाना कोतवाली, बरेली
2. मु0अ0सं0 849/2017 धारा 406/411/420 भा.द.वि थाना मेडिकल कालेज मेरठ

आपराधिक इतिहास- रघुवीर उपरोक्त
1. मु0अ0 सं0 21/2025 धारा 318(4)/338(3)/336/340 बीएनएस व 66C IT Act थाना कोतवाली, बरेली

पुलिस टीम -
1. प्रभारी निरीक्षक श्री अमित पाण्डेय थाना कोतवाली बरेली
2. निरीक्षक अपराध श्री लव सिरोही थाना कोतवाली बरेली
3. उ0नि0 श्री सतेन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल बरेली
4. प्रशिक्षु0 उ0नि0 सचिन राठी थाना कोतवाली बरेली
5. हे0का0 823 इम्तियाज थाना कोतवाली बरेली
6. हे0का0 180 अजय कुमार सर्विलांस सेल बरेली
7. का0 515 इरशाद थाना कोतवाली बरेली